# बेटे विदेश में, किसान से मांगी 5 करोड़ की चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव ढाठरथ के किसान रामफल शर्मा से अज्ञात लोगों ने व्हाट्सएप कॉल करके पांच करोड़ रुपये की चौथ मांगी है। चौथ राशि नही देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। रामफल शर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा की मांग की। एसपी ने तुरंत रामफल शर्मा को सुरक्षा उपलब्ध करवाते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

रामफल शर्मा ने बताया कि उसके तीन लड़के हैं। सभी कनाडा व अमेरिका रहते हैं। वहां पर वह अपना खुद का व्यवसाय करते हैं। काफी समय पहले उनके बच्चों के पास भी इसी प्रकार की धमकियां आती थीं। बच्चों ने अपने फोन नंबर बदल लिए। इसके बाद उनके बच्चों के पास कोई फोन कॉल नहीं आए। रामफल शर्मा ने कहा कि अब एक महीने से उनके पास व्हाट्सएप कॉल आ रही हैं। आरोपित पांच करोड़ रुपये मांग रहे हैं। पैसे नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। रामफल शर्मा ने पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह से मिलकर सुरक्षा की मांग की। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि ढाठरथ गांव का इस प्रकार का एक मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जिनको लगता है कि उनके पास धमकी भरी काल आ सकती हैं, उनको अभेद्य एप पुलिस से अपने फोन में डलवा लेना चाहिए। इस मोबाइल एप से धमकी देने वाले लोगों को जल्द ट्रेस किया जा सकता है। इस प्रकार धमकी भरे कॉल के लिए यह एक अचूक मोबाइल एप है।




## खबर संक्षेप

### सोनीपत में गैस कटर से एटीएम काटकर 20.17 लाख रुपये उड़ाए

**सोनीपत।** बस स्टैंड के पास एक निजी बैंक इंडसइंड के एटीएम को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने 20.17 लाख रुपये की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने देर रात गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर नकदी साफ कर दी। पुलिस ने एटीएम का रखरखाव करने वाली कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। वारदात के समय एटीएम पर कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था।

### सड़क किनारे पेड़ पर फंदा लगा दी जान

**तरावड़ी।** जीटी रोड पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार करीब 1 बजे सूचना मिली कि एक युवक ने प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर पेड़ से लटककर जान दे दी है। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि युवक की उम्र करीब 20 से 25 साल के बीच है। उसने नीली जींस और काली टी-शर्ट पहन रखी थी।

### डिलीवरी के लिए लाई लड़की निकली 15 साल की, कथित पति पर केस

**जींद।** जुलाना सीएचसी में डिलीवरी के लिए पहुंची लड़की महज 15 साल की निकली। पीड़िता के साथ आए व्यक्ति ने खुद को उसका पति बताया। महिला थाना पुलिस ने आरोपित व्यक्ति विक्की के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर दिल्ली पुलिस को भेज दी है। मूलतः दिल्ली निवासी एक लड़की को डिलीवरी के लिए सीएचसी जुलाना लाया गया। प्रसव पीड़िता ने विक्की के साथ शादीशुदा बताया, जबकि शादी से संबंधित दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सके। पुलिस छानबीन में सामने आया कि आरोपित विक्की के मां व बाप की मौत हो चुकी है। आरोपित विक्की लड़की का 2025 से यौन शोषण करता आ रहा था। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। डिलीवरी करवाने के लिए विक्की अपनी बहन के पास जुलाना आया था।

## चानौत पानी विवाद : आंदोलन के 40वें दिन सड़क पर उतरे ग्रामीण

# भारी पुलिसबल की मौजूदगी में पेयजल लाइन बिछानी की शुरू, ग्रामीणों ने काम रुकवाया

- हांसी शहर के लिए प्रस्तावित पाइपलाइन से पानी की मांग कर रहे हैं चानौत के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में पानी की मांग को लेकर चल रहा जल आंदोलन बुधवार को 40वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में 40 दिन बाद शहर के लिए प्रस्तावित पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करवाया, लेकिन ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच इसका विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। ग्रामीण और प्रशासन एक बार फिर आमने-सामने होने से स्थिति तनावपूर्ण बनी गई। ग्रामीणों द्वारा पाइपलाइन बिछाने का विरोध किए जाने के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने पुलिस बल को पीछे हटने के निर्देश देते हुए पाइपलाइन बिछाने का काम रुकवा दिया और पुलिस के साथ वापस लौट गए। वहीं पाइपलाइन लाइन बिछाने के कार्य के लिए बिजली निगम के एसडीओ मोहनलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। एहतियात के तौर पर अन्य जिलों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध और टकराव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बीच में काम रोककर वापस लौट आई। धरना कमेटी के सदस्य अनूप चानौत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से तत्काल मामले में हस्तक्षेप की मांग की। अनूप ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलनकारी अगला कदम उठाते हुए राष्ट्रपति के समक्ष इच्छामृत्यु की अनुमति मांगने पर विचार करेंगे।


हांसी। पुलिस के सामने विरोध जताते ग्रामीण व किसान नेता।

### अनशन रणनीति के तहत तुड़वाया : बुजुर्ग टेकराम

करीब 12 दिनों तक आमरण अनशन पर बैठे बुजुर्ग टेकराम ने पूरे घटनाक्रम की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका अनशन सुनियोजित रणनीति के तहत समाप्त कराया गया था। अब पुलिस और प्रशासन की ओर से आंदोलनकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। टेकराम ने कहा कि आंदोलन को कमजोर करने या ग्रामीणों को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश का डटकर विरोध होगा।

### मध्यस्थ सोमेश की धरनास्थल पर एंट्री बैन

ग्रामीणों ने सरकार और आंदोलनकारियों के बीच मध्यस्थता कर रहे सरपंच संगठन के पूर्व प्रधान सोमेश के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। धरना कमेटी ने उन्हें धरनास्थल से वापस भेज दिया और अब उनके धरने पर आने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। धरना कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सरपंच सत्यवान ने आरोप लगाया कि आंदोलन के साथ विश्वासघात हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित लोगों ने ग्रामीणों को विश्वास में लेकर पाइपलाइन में टी-कनेक्शन लगवाया था, लेकिन बाद में प्रशासन ने उसे उखाड़ दिया। इस घटना से पूरे गांव का भरोसा टूट गया और ग्रामीणों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। सत्यवान ने साफ किया कि अब ग्रामीण किसी भी झूठे आश्वासन या मौखिक भरोसे पर विश्वास नहीं करेंगे। फिलहाल मध्यस्थता में शामिल हर्ष छिक्कारा और विकास के खिलाफ कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस पर आगे की रणनीति धरना कमेटी की आगामी बैठक में तय होगी। बता दें कि यह टी कनेक्शन प्रशासन ने बल प्रयोग कर उखाड़ दिया था। कनेक्शन करने के आरोप में पूर्व सरपंच सत्यवान, अनूप कुमार, हिमांशु, सरस्वती, विशाखा और सुधीर को नामजद किया गया है, जबकि मौके पर मौजूद अन्य सैकड़ों ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है।


हांसी। पाइपलाइन बिछाने का कार्य एक बारी शुरू हुआ, जिसे रोक दिया गया।

# ओवरटेक करते समय बस की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर, दो यात्री नीचे गिरे, एक की मौत

- बस चालक पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस अपने साथ ले गई थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

उपमंडल के गांव मसीतां में रोडवेज बस द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय बस में सवार दो युवक नीचे गिर गए, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों के गुस्से को देखते हुए चालक सुनील को अपने साथ थाना ले गई। यात्रियों ने चालक पर लापरवाही से बस चलाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, बस यात्रियों से भरी हुई थी और यात्री बस की खिड़की के पास खड़े थे। चालक लापरवाही से बस को बड़ी तेजी से दौड़ा रहा था। हरियाणा रोडवेज की यह बस मंगलवार देर शाम को डबवाली बस अड्डा से वाया जीवननगर होते हुए रानियां की तरफ जा रही थी। बस में लगभग 80 यात्री सवार थे। यात्रियों के अनुसार गांव अलीकां में बस से कुछ यात्री उतरे। इसके बाद चालक ने बस को तेज गति से भगाना शुरू कर दिया। गांव मसीतां के पास तूड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय बस की पिछली खिड़की ट्राली से टकरा गई। खिड़की के पास खड़े सतनाम सिंह व सुशील कुमार झटका लगने से संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। यात्रियों का आरोप है कि बस की स्पीड ज्यादा होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली को बस घसीटते हुए कुछ दूरी तक अपने साथ ले गई। घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक भागने की कोशिश करने लगा। यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। घायल सतनाम व सुशील कुमार को उपचार के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मसीता निवासी सतनाम की मौत हो गई। सतनाम डबवाली में सैलून पर काम करता था। वहीं घायल सुशील कुमार गांव झूठीखेड़ा का रहने वाला है। वहीं, हरियाणा रोडवेज के डीआई रणवीर सिंह ने बताया कि बस को चालक सुनील चला रहा था। मामले की जांच की जा रही है।



मौके पर मौजूद पुलिस व यात्री।

# स्टडी वीजा पर आया नाइजीरियन बना ड्रग तस्कर, 294 ग्राम एमडीएमए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मैदान 2.0' के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। जांच के दौरान पुलिस ने दिल्ली से एक नाइजीरियन नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर दिल्ली स्थित उसके किराए के मकान से 294 ग्राम प्रतिबंधित सिंथेटिक मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त किया है जिसका इस्तेमाल आमतौर पर 'ड्रग पार्टी' में किया जाता है। डीएसपी जगबीर मलिक ने 19 जून 2026 को एएनसी की टीम ने गश्त के दौरान दिल्ली से बाइक पर सवार होकर आ रहे दो नशा तस्करों सुरिंदर निवासी कुरुक्षेत्र और उसकी एक महिला साथी को 55 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। रिमांड के दौरान जब गहराई से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने कबूला कि वे यह नशा दिल्ली में रहने वाले एक नाइजीरियाई मूल के सप्लायर से खरीदकर लाए थे। इस इनपुट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम ने मुख्य सप्लायर को दिल्ली से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान म्बाचा इकेचुकवु डेविड के रूप में हुई। आरोपी ने बताया कि वह 'स्टडी वीजा' पर भारत आया हुआ था। इसकी आड़ में वह ड्रग तस्करी के इस काले कारोबार को अंजाम दे रहा था।



19 जून को दो नशा तस्करों से मिली थी 55 ग्राम हेरोइन, आगे जांच में दिल्ली से विदेशी तस्कर को किया काबू

# ग्रॉसरी एप पर सस्ते सामान का लालच देकर ठगी करने का खुलासा, 5 गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** मानेसर साइबर क्राइम टीम ने फर्जी विज्ञापन देकर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी ऑनलाइन ग्रॉसरी एप बिग बास्केट और डी-मार्ट के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। एसीपी साइबर क्राइम गौरव फौगाट ने बताया कि यह आरोपी सस्ते सामान का प्रलोभन देकर लोगों को जाल में फंसाते थे। आरोपियों के कब्जा से 18 मोबाइल व एक टैब बरामद किया है।

गौरव फौगाट ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दी गई थी कि फेसबुक पर सामान बेचने का विज्ञापन चलाकर फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर उसके फोन को हैक किया गया और उससे 56,650 रुपये की साइबर ठगी की गई। इस संबंध में थाना साइबर अपराध मानेसर में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ एवं बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है। तकनीकी जांच करते हुए पुलिस ने दिल्ली के न्यू अशोक नगर के ए-ब्लॉक में छापेमारी कर फर्जी कॉल सेंटर संचालित करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राजकुमार निवासी नालंदा (बिहार), प्रशांत कुमार, निवासी, मुरादाबाद (उत्तर-प्रदेश), करण, निवासी शेखपुरा (बिहार), सोनू निवासी, शेखपुरा (बिहार) तथा अखिल अहमद निवासी बिजनौर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

# निवेश के नाम पर 79 लाख की ठगी, आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ठगों द्वारा हैफेड में कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ निवेश के नाम पर करीब 79 लाख रुपये की ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान लुधियाना निवासी इरफान खान के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव साकरा निवासी दर्शन सिंह की शिकायत के अनुसार वह हैफेड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम करता है। 11 सितंबर को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप पर मैसेज आया। यूजर ने अपना नाम चंद्रिका बताया और उसे पार्ट टाइम काम करने का ऑफर किया। इसके बाद उसे अलग-अलग होटल व वेबसाइट पर रिव्यू देने के लिए कहा। इसके बाद उसने वेबसाइट पर रिव्यू देकर टेलीग्राम पर स्क्रीनशॉट भेज दिया। इसका कमीशन भेजने के लिए टेलीग्राम यूजर ने उसका अकाउंट नंबर मांगा तो उसने भेज दिया। कमीशन के 120 रुपये उसके खाते में आ गए। इसके बाद उससे 79,29,369 रुपये निवेश करवा लिए। जब उसने पैसे निकालने के प्रयास किया तो वह नहीं निकले। आरोपी इरफान द्वारा साइबर ठगों को अपना बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**विवाद** पंजाब के सीएम के वायरल वीडियो को फर्जी बताने के मामले में नया खुलासा

# गुरुग्राम में पंजाब पुलिस के साथ फर्जी रिपोर्ट बनाने वालों का वीडियो जारी

अकाली नेताओं ने पंजाब पुलिस के गुरुग्राम में ठहरने के बिल पेश किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पंजाब के सीएम भगवंत मान के कथित वायरल वीडियो को लेकर गुरुग्राम में दर्ज हुए केस में अब नए सबूत सामने आ रहे हैं। शिकायतकर्ता द्वारा एफआईआर में जिस फाइव स्टार होटल क्राउन प्लाजा में 16 जून को पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ मीटिंग का दावा किया गया था, अब उसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस फुटेज को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें दिखाई देने वाले व्यक्ति पंजाब पुलिस के अधिकारी हैं। जिन पर आरोप है कि उन्होंने भगवंत मान के कथित वीडियो को फर्जी घोषित करवाने के लिए 10 लाख रुपये का सौदा किया था। वहीं, अकाली नेताओं ने इस सौदेबाजी की व्हाट्सएप चैट भी उजागर की है। अकाली नेता बिक्रम मजीठिया ने होटल क्राउन प्लाजा के बिल जारी कर कहा कि 15 से 17 जून के बीच दोनों अधिकारी वहां ठहरे थे। इस मामले में फर्जी रिपोर्ट बनाने को लेकर सिरसा व जींद के दो युवकों को पकड़ा जा चुका है।



वहीं, सियासी गलियारों में भी यह मुद्दा खूब गर्म है। वहीं, सिरसा निवासी शिकायतकर्ता और डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट जसप्रीत सिंह ने भी एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने क्राउन प्लाजा में उससे 10 लाख रुपये में डील की थी। उधर, इस मामले में हरियाणा भाजपा के ऑफिशियल अकाउंट से होटल की फुटेज के साथ पोस्ट डाली गई है। हालांकि इस कथित वायरल वीडियो को लेकर सीएम भगवंत मान दावा कर चुके हैं कि वीडियो में वह नहीं हैं।

### गुरुओं के अपमान पर इस्तीफा दें मान : डॉ. गुप्ता

**नारनौल।** गुरुओं के अपमान पर पंजाब के सीएम भगवंत मान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए तथा अकाल तख्त साहब को उन पर कड़ा से कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। यह मांग भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रेवाड़ी रोड स्थित होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पंजाब एक पवित्र भूमि है। हमारे धर्म गुरुओं क भूमि है। उन गुरुओं की भूमि हैं, जिन्होंने देश की एकता, अखंडता एवं धार्मिक स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसी पवित्र धरती पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शराब के नशे में इतने धुत हो जाते हैं कि अपने परम पूजनीय गुरुजनों का अपमान करते हैं। ऐसा घृणित कार्य होने पर हमें धर्म गुरुओं से तत्काल माफी मांग लेनी चाहिए, लेकिन माफी मांगने की बजाय अब वे कह रहे हैं कि यह तो फेक वीडियो है। इस वीडियो को फेक साबित करवाने के लिए 10 लाख रुपये भी दिए गए।



भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुड़गाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon,
Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/543 दिनांक:-17/06/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (49) कम्पनियों का नाम राज्य हरियाणा से हटाने के मामले में:

| S No. | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1. | AC3869099 | U70200HR2025PTC138711 | एप्टिक विज़न प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC3840777 | U90006HR2024PTC126025 | टाइकी आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC3386894 | U72501HR2022PTC102729 | टेकगेट सुरक्षित डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC3840519 | U28111HR2013PTC051275 | टॉपिक मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC3827960 | U14101HR2024PTC119686 | उपमन्यु अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC3817787 | U45401HR2025OPC136440 | माँ लक्ष्मी ईवी टेक (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC3807429 | U25200HR2024PTC123413 | नेक्स्टजेन डिफेंस एयरगन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC3808463 | U51909HR2020OPC091226 | कृधय इंफ्रा (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC3797697 | U58200HR2025PTC130406 | स्मार्टमार्ट एआई प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC3799932 | U58200HR2025PTC130413 | मार्केटपॉइंट टेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC3805104 | U40100HR2022FTC100827 | अम्सा सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC3778858 | U47711HR2025PTC134082 | इशाबी कलेक्टिव्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC3797854 | U72900HR2019OPC079490 | कॉइनएजिक वर्चुअल टेक्नोलॉजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC3794806 | U58200HR2025PTC131464 | अल्गोबाज़ार सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC3787668 | U10712HR2023PTC110485 | सितांविम फूड्स बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC3776116 | U46909HR2025PTC131580 | नोबल ईकॉम प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC3755077 | U74999HR2019PTC080334 | युवन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC3797325 | U68100HR2024PTC126878 | हेवनराइज क्रेस्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC3674516 | U56104HR2025PTC138667 | द कालिम्पोंग किचन प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC3670549 | U24219HR2001PTC034750 | अरिस्टा लाइफसाइंस एग्रीसर्विस प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC3660377 | U60100HR2022PTC105218 | आउटराइट लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC3647146 | U27200HR2024PTC122907 | एक्स्ट्रा एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AC3677607 | U15134HR2022FTC106370 | नारक ग्रोसरइंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC3633920 | U72501HR2018PTC074361 | लिटिल मील बुक प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC3634953 | U15202HR2021PTC094352 | माय ऑर्गेनिक बाइट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC3616980 | U43301HR2023OPC112582 | स्थिरता कॉर्प (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AC3580787 | U52609HR2017PTC066924 | ट्री रिवोल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC3341254 | U65999HR2021PLN093016 | गुल्लक इंडिया निधि लिमिटेड |
| 29 | AC3582286 | U17299HR2018PTC077204 | आईओजो फैशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AC3610277 | U72200HR2021PTC093011 | वीज़ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AC3573504 | U42100HR2025PTC129605 | इनोजो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AC3552245 | U68100HR2025PTC138285 | वायुवरुणा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | AC3472284 | U67190HR2012PTC048005 | इटरनल स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AC3486345 | U74999HR2019PTC082168 | ईओनिक रिटेल प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AC3458404 | U79120HR2023PTC111913 | पालनहार सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AC3466110 | U62099HR2023PTC113735 | एक्स्ट्रेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AC3749827 | U47912HR2020PTC087193 | एकटेक क्रिएशन एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | AC3386899 | U15500HR2016PTC065152 | बडी (हरियाणा) बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 39 | AC3358004 | U70109HR2022PTC107486 | नेस्टोहब प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 40 | AC3220269 | U55101HR2015PTC057084 | माउंटेन कसौली होटल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 41 | AC3886766 | U74140HR2015PTC055586 | रॉयल एज़ टूलेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 42 | AC3788571 | U20237HR2024PTC119995 | फाई ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 43 | AC3752658 | U93090HR2022PTC107349 | रामानुजन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 44 | AC3534781 | U74999HR2020PTC086568 | अधिहरी एशियन प्राइवेट लिमिटेड |
| 45 | AC3749767 | U65999HR2021PTC098766 | चोकोपाई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 46 | AC3736998 | U74140HR2012PTC045313 | क्वालिटी पेशेंट सेफ्टी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 47 | AC3577343 | U24246HR2012PTC047905 | एएचबी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 48 | AC3503377 | U74909HR2023PTC114357 | गोबो डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 49 | AC3607487 | U43299HR2024PTC119728 | महर्षि च्यवन रोपवेज प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0236/2627

और बढ़ी ममता की मुसीबतें सरकार कैग रिपोर्ट विस में करेगी पेश

# टीएमसी सरकार में गायब हुए 2.29 लाख करोड़

पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के दौरान खर्च हुए 2.29 लाख करोड़ का हिसाब अब फंस गया है। सीएजी की चार सालों की लंबित रिपोर्ट जल्द ही विधानसभा में पेश होने वाली है, जिससे ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विस चुनाव के बाद से राज्य में सियासी हलचल मची है। पहले ममता चुनाव हार गईं फिर पार्टी टूट गई। अब मामला उनके कार्यकाल में 2.29 लाख करोड़ रुपये के गायब होने का सामे आ रहा है। इसके बाद माना जा रहा है कि राजनीति में वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा बवंडर उठने वाला है। अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक, भाजपा सरकार अब विधानसभा में पिछले चार सालों की लंबित सीएजी (कैग) ऑडिट रिपोर्ट पेश करने की तैयारी कर रही है। यह मामला सीधे तौर पर साल 2011 से 2020 के बीच खर्च हुए 2.29 लाख करोड़ के उपयोग प्रमाण पत्र से जुड़ा है, जो अभी तक जमा नहीं किए गए हैं।

सरकारी नियमों के अनुसार, किसी भी विभाग को मिले सरकारी अनुदान के बाद उसका उपयोग प्रमाण पत्र यानी 'यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट' जमा करना अनिवार्य होता है। यह सर्टिफिकेट बताता है कि पैसा कहां और कैसे खर्च हुआ। हैरानी की बात यह है कि सरकार ने इतने लंबे समय तक इन प्रमाण पत्रों को जमा ही नहीं किया। इस लापरवाही ने अब राज्य के सरकारी खजाने की जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।



### पंचायत और शिक्षा विभाग सबसे ज्यादा संदेह में

*रिपोर्ट्स के अनुसार, सीएजी की साल 2020-21 की आखिरी रिपोर्ट में सबसे बड़ी गड़बड़ियां पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में पाई गई थीं। इस विभाग के करीब 81,839 करोड़ रुपये के यूसी पेंडिंग थे। इसके बाद स्कूली शिक्षा विभाग का नंबर आता है, जिसके 36,850 करोड़ रुपये का हिसाब अभी तक स्पष्ट नहीं है। शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के विभाग के भी 30,693 करोड़ रुपये का कोई ठोस ब्यौरा नहीं मिला है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि जनता के पैसे का इस्तेमाल किस तरह सवालों के घेरे में रहा है।*

## अब महुआ मोइत्रा ने भी टीएमसी छोड़ने के दिए संकेत



पश्चिम बंगाल के सीएम की तारीफ की

शुभेंदु को अपना 'अच्छा दोस्त' बताया

**कोलकाता।** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर मची उठापटक शांत ही नहीं हुई थी। इसी बीच महुआ मोइत्रा ने अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और भाजपा बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी को अपना 'अच्छा दोस्त' बताया है। इस बयान के बाद बंगाल की राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म है कि क्या महुआ का ममता बनर्जी से मोहभंग हो रहा है। मीडिया में दिए गए साक्षात्कार में महुआ ने राजनीतिक सफर के शुरुआती दिनों को याद किया है। उन्होंने बताया कि साल 2016 में जब वह पहली बार चुनावी मैदान में उतरी थीं, तब शुभेंदु अधिकारी ही थे जिन्होंने जमीन पर उतरकर उनका साथ दिया था। महुआ ने भावुक होते हुए कहा कि जब 2014 में मुझे लोकसभा का टिकट नहीं मिला था, तो मैं पूरी रात रोई थी। उस समय सिर्फ अधिकारी ने मेरा साथ दिया और मुझे ढांढस बंधाया। उनके मुताबिक अधिकारी ने उनसे कहा था- 'नहीं बहन, मैं हूं न' महुआ का कहना है कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी जो कभी ममता बनर्जी के दाहिने हाथ हुआ करते थे। आज बीजेपी के तरफ से बंगाल में मुख्यमंत्री हैं। वहीं, महुआ मोइत्रा टीएमसी की एक मजबूत आवाज मानी जाती हैं। ममता की पार्टी में हाल ही में हुए विद्रोह और कुछ विधायकों के बागी रुख के बाद महुआ का बयान बेहद अहम माना जा रहा है।

# दिल्ली के बाद मुंबई की लोकल ट्रेन में युवक की हत्या



- आरोपी भीड़ के बीच चाकू मारकर भागा
- बारिश में गेट खोलने को लेकर विवाद हुआ था

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिल्ली में बैठने को लेकर हुई युवक की हत्या के बाद अब मुंबई में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। जहां अंधेरी और बोरीवली स्टेशनों के बीच चलती ट्रेन में एक 22 वर्षीय यात्री पर चाकू से हमला कर दिया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भारी बारिश के दौरान कोच का दरवाजा बंद करने को लेकर दो यात्रियों के बीच बहस हुई। बहस के दौरान, आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ित के पेट में चाकू मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मृतक की पहचान मयंक लोहार के तौर पर हुई है। वह अंधेरी में एक प्राइवेट कंपनी में सेल्समैन के तौर पर काम करता था। घटना के समय वह काम से घर लौट रहा था। बोरीवली स्टेशन पर ट्रेन के रुकने से पहले ही आरोपी चलती ट्रेन से प्लेटफॉर्म-6 के पास कूद गया और स्टेशन परिसर से भाग निकला।

**कई टीमें पहचान में जुटीं:** आरोपी की पहचान करने लिए कई टीमें बनाई गई हैं। टीमें स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही और उन यात्रियों की जानकारी जुटा रही हैं, जिन्होंने शायद हमला होते देखा हो। *-मुंबई पुलिस*

# पटियाला में फौजी ने पत्नी की हत्या की

**दो वर्ष पहले लव मैरिज की**

कार में पत्नी को बैठाया, फिर उफनती नहर में कुदा दी

**खुद तैरकर बाहर निकल आया पत्नी फंस गई थी**



**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में एक फौजी ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसने पहले पत्नी को कार में बैठाया और फिर भाखड़ा नहर में गिरा दी। खुद फौजी होने के कारण पति तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आया, जबकि पत्नी की डूबने से मौत हो गई। 23 जून की रात फौजी पत्नी से किसी विवाद के बाद उसे भाखड़ा नहर पर बने पुल पर ले गया था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर मृतका का शव बरामद किया। पुलिस ने मृतका के भाई गुरजीत सिंह के बयान पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब पत्नी की हत्या के पीछे की असल वजह का पता लगा रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान मानसा के गांव बाजेवाला निवासी हैप्पी सिंह (32) के रूप में हुई है। वह सेना में कार्यरत है। पुलिस के मुताबिक, मृतका के परिजनों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि हैप्पी सिंह और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। दोनों के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ था और आए दिन झगड़े होते रहते थे।

## लुधियाना में दंपती ने किया सुसाइड चार माह पहले लव मैरिज की

- भाभी पर लगाया ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप

*लुधियाना । लुधियाना में नवविवाहित दंपती ने सल्फास निगलकर सुसाइड कर लिया। परिवार ने भाभी पर ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सूत्रों के मुताबिक युवक और भाभी का पहले रिलेशन था। वह उसे अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांग रही थी। सदर थाना पुलिस ने आरोपी भाभी पर केस दर्ज कर लिया है। अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लगातार दबाव और तनाव के कारण युवक ने यह कदम उठाया। पति की मौत की खबर मिलने के बाद पत्नी भी सदमे में आ गई और उसने भी सल्फास निगल ली। दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। खन्ना के गांव बूथगढ़ का रहने वाला 31 वर्षीय गुरकरमदीप सिंह पेशे से आर्किटेक्ट था। उसने करीब चार महीने पहले 23 वर्षीय जैसमीन नागरा से लव मैरिज की थी। मृतक की मां सिंदरपाल कौर के अनुसार गांव की नवजोत कौर उर्फ दीप, जो रिश्तेदारी में गुरकरमदीप की भाभी लगती है, शादी के बाद भी उनसे संपर्क में थी।*

पुणे मर्डर केस में खुलासा, पकड़ा गया प्रे

# लोहगढ़ के किले में गर्मी में हुडी पहनने पर हुआ शक, पूछताछ में उगला राज



मंगेतर के साथ सिया की रोमांटिक पोस्ट



आरोपी चेतन चौधरी

**पुणे।** पुणे में मंगेतर की हत्या करने वाली 20 साल की सिया गोयल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर केतन अग्रवाल (26) के साथ कई रोमांटिक पोस्ट किए थे। कभी प्रपोजल की तस्वीरें, कभी फूल देकर प्यार जताने वाले पल, तो कभी डांस और गले मिलने के वीडियो। दोनों की नवंबर में होने वाली शादी की तैयारियां भी सोशल मीडिया पोस्ट का हिस्सा थीं। इस साल फरवरी में सगाई के बाद सिया ने इंस्टाग्राम पर एक केक की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- मेरे दिल को उसका घर मिले एक महीना पूरा हुआ। उसने केतन को टैग भी किया था। 18 जून को केतन की मौत के दिन लोहगढ़ किले पर एक युवक 33°C तापमान में हुडी पहनकर आया था। पुलिस ने जांच में इसे ही आधार बनाकर एक-एक कड़ियां जोड़ीं। आखिरकार सिया और उसे बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी को केतन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया।

**पुलिस टीम को यूं हुआ था शक**

जांच टीम ने किले के टिकट काउंटर पर लगे सीसीटीवी जांच के दौरान हमें केतन और सिया साथ-साथ चलते हुए हुडी पहने युवक दिखाई दिया। हुडी को नीचे खींच रखा था कि उसका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। 18 जून को उस समय 33 डिग्री सेल्सियस तापमान था। ऐसे में सवाल उठा कि इतनी गर्मी में कोई हुडी क्यों पहनेगा।

# छत्तीसगढ़ : चार माह में साइको किलर ने जहरीली शराब पिलाकर 8 को मार डाला

- गाली देने, पुरानी रंजिश, पत्नी पर बुरी नजर का शक पर की वारदातें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के खर्वे गांव में पिछले चार महीनों के दौरान हुई आठ रहस्यमयी मौतों का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। गांव का ही रहने वाला 46 वर्षीय रामसहाय जायसवाल इन हत्याओं का मास्टरमाइंड निकला। आरोपी ने पुरानी रंजिश, मानसिक कुंठा, अंधविश्वास और आर्थिक कारणों से अपने परिचितों को शराब में जहर मिलाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की शुरुआत 6 जून 2026 को हुई, जब खर्वे गांव के ग्रामीणों ने एसडीओपी कसडोल को आवेदन देकर फरवरी से 14 मई के बीच हुई आठ संदिग्ध मौतों की जांच की मांग की। ग्रामीणों ने गांव के ही रामसहाय जायसवाल पर संदेह जताया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सात शवों को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रायपुर स्थित मेकाहारा भेजा गया। मेडिको-लीगल संस्थान की विशेषज्ञ टीम ने पोस्टमार्टम कर डीएनए, विसरा और अन्य नमूनों को फोरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखा। एक मृतक बुधराम जायसवाल का अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका था।

केरल हाईकोर्ट का फैसला

# देवी-देवताओं, भारत माता के नाम पर नहीं ले सकते शपथ

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम




केरल हाई कोर्ट ने शपथ को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ कहा कि स्थानीय निकायों के चुने हुए प्रतिनिधि शपथ लेते समय कानून में तय शब्दों से बाहर नहीं जा सकते। यानी शपथ ईश्वर के नाम पर ली जा सकती है या फिर बिना ईश्वर का नाम लिए सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा की जा सकती है।

उसमें देवी-देवताओं, भारत माता, किसी संगठन, राजनीतिक शहीद या किसी व्यक्ति का नाम जोड़ना मान्य नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम के कुछ पार्षदों की शपथ को अवैध माना। कोर्ट ने कहा कि अपनी तरफ से कोई भी नया शब्द जोड़ना पूरी तरह गलत माना जाएगा। यह मामला तब अदालत पहुंचा जब तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 20 पार्षदों ने शपथ लेते समय अलग-अलग हिंदू देवी-देवताओं, 'भारतम्बा', 'भारत माता', गुरुदेव, अपने राजनीतिक आंदोलन के शहीदों के नाम लिए। इसी से जुड़ी एक दूसरी याचिका पलक्कड़ जिले के वडक्कनचेरी ग्राम पंचायत सदस्य की शपथ को लेकर भी थी।

उस सदस्य ने 'ईश्वर की कृपा से उम्मन चांडी के नाम पर' शपथ ली थी। इन दोनों मामलों को देखते हुए हाई कोर्ट ने पूछा कि क्या कानून शपथ के तय प्रारूप से बाहर जाने की इजाजत देता है।




